# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

# अगस्त, 2025

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी अगस्त, 2025
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 2 August, 2025

- **71वें राष्ट्रीय फिल्म अवार्ड घोषित; शाहरूख खान व विक्रांत मेसी बेस्ट एक्टर तथा रानी मुखर्जी बेस्ट एक्ट्रेस चुनी गयी; 12वीं फेल सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म–**

71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में हिन्दी सिनेमा के शाहरुख खान को 'जवान' और विक्रांत मेसी को '12वीं फेल' के लिए संयुक्त रूप से बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिलेगा। '12वीं फेल' को ओवरऑल बेस्ट फीचर फिल्म चुना गया है। रानी मुखर्जी को 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस से नवाजा जाएगा। गुनीत मोंगा की 'कटहल' को बेस्ट हिंदी फिल्म और 'सिर्फ एक बंदा काफी है' को बेस्ट डायलॉग अवॉर्ड के लिए चुना गया है।

**सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म–**12वीं फेल, **सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक–**आशीष बेन्दे (आत्मापम्पलेट), **सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म (मनोरंजन)–**रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, **राष्ट्रीय मूल्यों को प्रोत्साहित करने वाली फिल्म–**सैम बहादुर, **सर्वश्रेष्ठ निर्देशन–**सुदीप्त सेन (द केरला स्टोरी), **सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्वगायक–**पीवीएन एस रोहित (बेबी-प्रेमिस्थुन्ना) और **सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्वगायिका–**शिल्पा राव (जवान-चलिया)।

- **गूगल 50 हजार करोड़ के निवेश से आंध्रप्रदेश में एशिया का सबसे बड़ा डेटा सेंटर बनाएगी–**

गूगल आंध्रप्रदेश के तटीय शहर विशाखापट्टनम में एशिया का सबसे बड़ा डेटा सेंटर बनाएगी। यह सेंटर 1 गीगावॉट क्षमता का होगा रायटर्स के मुताबिक, गूगल इसमें 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसमें से 16 हजार करोड़ रुपए से रिन्यूएबल एनर्जी से जुड़ी फेसिलिटी बनेगी, जो डेटा सेंटर को बिजली सप्लाई करेगी। यह गूगल का भारत में पहला ऐसा बड़ा प्रोजेक्ट होगा। विशाखापट्टनम में 3 केबल लैंडिंग स्टेशन भी बनेंगे, जिससे हाई-स्पीड डेटा ट्रांसफर होगा। राज्य में 1.6 गीगावॉट क्षमता के डेटा सेंटर निवेश को अंतिम रूप दिया जा चुका है। अगले 5 साल में 6 गीगावॉट क्षमता के डेटा सेंटर तैयार करने का लक्ष्य है। फिलहाल देशभर में कुल 1.4 गीगावॉट क्षमता के डेटा सेंटर ऑपरेशनल हैं।

## Newspaper of 5 August, 2025

- **4 अगस्त, 2025 को झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक, राज्य सभा सांसद और दिशोम गुरुजी के नाम से आदिवासियों में सम्मानित शिबू शोरेन (81) का निधन हो गया। वे तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री, तीन बार केन्द्रीय मंत्री रहे थे।**

- **शिक्षा मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी) पहल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान मिला है। यह रिकॉर्ड एक महिने में सबसे ज्यादा लोगों के नागरिक संवाद मंच पर रजिस्ट्रेशन के लिए मिला है। मंत्रालय के अनुसार इसके आठवें संस्करण में कुल 3.53 करोड़ वैध रजिस्ट्रेशन हुए। यह कार्यक्रम छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ प्रधानमंत्री की सीधी बातचीत का मंच है। इसका उद्देश्य परीक्षा के समय को तनाव की बजाय सकारात्मकता तैयारी और उद्देश्यपूर्ण सीखने का उत्सव बनाना है। उल्लेखनीय है कि 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी) 2025 के आठवें संस्करण को सभी मीडिया प्लेटफार्म पर 21 करोड़ से ज्यादा बार देखा गया।**

- **इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आइपीपीबी) ने आधार आधारित फेस ऑथेंटिकेशन सुविधा की देशभर में शुरुआत की है। अब डाकघर में ग्राहक सिर्फ चेहरे की पहचान से खाता खोलने की, बैलेंस जाँचने, पैसे भेजने और बिल चुकाने जैसे बैंकिंग कार्य आसानी से कर सकेंगे। यह सेवा उन बुजुर्गों, दिव्यांगों और ग्रामीण ग्राहकों के लिए सुविधाजनक है जिन्हें फिंगरप्रिंट या ओटीपी आधारित पहचान में कठिनाई होती थी।**

- **हाल ही में भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर को ऑस्ट्रेलिया सरकार ने ऑस्ट्रेलिया के अन्तरराष्ट्रीय पर्यटन अभियान 'कम एण्ड से जी डे' (आओ और नमस्ते कहो) की ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है।**

- **माल्डोवा अन्तरराष्ट्रीय सौर गंठबंधन (ISA) में शामिल हुआ।**

हाल ही में पूर्वी यूरोपीय देश माल्डोवा आधिकारिक तौर पर अन्तरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का 107वाँ सदस्य बन गया है। यह प्रक्रिया 4 अगस्त, 2025 को नई दिल्ली में पूरी हुई,

जब माल्डोवा की राजदूत एना तबान ने ISA की पुष्टि से जुड़ा दस्तावेज सौंपा। इस कदम के साथ, माल्डोवा अब उस वैश्विक मंच का हिस्सा है जो सौर ऊर्जा को बढावा देने के लिए काम करता है।

**अन्तरराष्ट्रीय सौर गठबंधन एक नजर में–**

- यह भारत और फ्रांस की एक संयुक्त पहल है।
- इसकी शुरुआत 2015 में पेरिस में COP21 जलवायु सम्मेलन के दौरान हुई थी।
- इसका मुख्यालय गुरुग्राम, हरियाणा (भारत) में है।
- सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना और सदस्य देशों में सौर परियोजनाओं के लिए निवेश जुटाना।

## Newspaper of 6 August, 2025

- **5 अगस्त, 2025 को जम्मू-कश्मीर में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक (79) का निधन हो गया। उनके कार्यकाल में ही 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 निरस्त किया गया। वे बिहार, मेघालय, गोवा व ओडिशा के भी राज्यपाल रहे थे।**

- **गुजरात सरकार ने नई पहल के तहत 'अभिरक्षक' नामक हाईटेक रेस्क्यू वाहन तैनात किया–**

सड़क हादसों में घायलों की जान बचाने के लिए गुजरात पुलिस ने नई पहल शुरू की है। 'अभिरक्षक' नामक हाई-टेक रेस्क्यू वाहन को पायलट प्रोजेक्ट के तहत अहमदाबाद ग्रामीण और सूरत ग्रामीण में तैनात किया गया है। यह वाहन हादसों के बाद के 'गोल्डन आवर्स' में तत्काल कार्रवाई कर पीड़ितों की जान बचाने में मदद करेगा।

**आधुनिक उपकरणों से लैस–**'अभिरक्षक' कोई सामान्य गाड़ी नहीं, बल्कि एक अत्याधुनिक रेस्क्यू मशीन है। इसमें कटर, ग्लास कटर, बोल्ट कटर, टेलिस्कोपिक सीढ़ी, स्ट्रेचर, ऑक्सीजन सिलेंडर, जनरेटर, भारी वजन उठाने वाली विंच, पावरफुल लाइट्स, नाइट विजन गॉगल्स सहित कुल 32 आधुनिक उपकरण मौजूद हैं। साथ ही, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम और ट्रैफिक कंट्रोल ब्लिंकर्स भी इसमें लगे हैं। इसकी बॉडी फायरप्रूफ और हमलारोधी बनाई गई है।

**ऐसे उपयोगी होगा–**'अभिरक्षक' का उद्देश्य इस समय-सीमा के भीतर पीड़ितों तक पहुँचना, उन्हें फंसे हुए वाहनों से निकालना, प्राथमिक उपचार देना और उन्हें जल्द से जल्द अस्पताल पहुँचाना है। यह वाहन उन घटनाओं में बेहद उपयोगी साबित होगा, जहाँ घायल लोग वाहन में फँसे रह जाते हैं या स्थान दुर्गम होता है।

- **हाल ही में चीन ने दुनिया का पहला इलेक्ट्रिकल वर्टिकल टेकऑफ एंड लैंडिंग कार्गो एयरक्राफ्ट लॉन्च किया है। इसका नाम वी 2000 सीजी कैरीऑल है। यह पूरी तरह इलेक्ट्रिक है और हेलिकॉप्टर की तरह वर्टिकल टेकऑफ के साथ-साथ फिक्स्ड-विंग प्लेन की तरह लंबी दूरी तय कर सकता है। यह एक बार चार्ज करने पर 200 किमी. की दूरी तय कर सकता है और इसकी स्पीड 200 किमी. प्रति घंटा है।**

## Newspaper of 7 August, 2025

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय सचिवालय के पहले भवन (कर्त्तव्य भवन -3) का उद्घाटन किया–**

6 अगस्त, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्त्तव्य भवन-3 का उद्घाटन किया। यह कॉमन सेंट्रल सेक्रेटिएट (सीसीएस) के 10 नए भवनों में से एक है। इसका उद्देश्य सभी मंत्रालय और विभाग एक छत के नीचे लाना है। कर्त्तव्य भवन-3 का क्षेत्रफल 1.5 लाख वर्गमीटर तथा इसमें 850 कार्यालय कक्ष हैं।

इसमें गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ग्रामीण विकास, एमएसएमई, डीओपीटी, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालयों/विभागों और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के कार्यालय होंगे।

## Newspaper of 8 August, 2025

- **7 अगस्त, 2025 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को यूनिवर्सल बैंक बनने की 'सैद्धान्तिक' मंजूरी दे दी है। इस नोटिफिकेशन के साथ एयू यूनिवर्सल बैंक बनने की अनुमति पाने वाला भारत का पहला स्मॉल फाइनेंस बैंक बन गया है।**

गौरतलब है कि एक लघु वित्त बैंक के सार्वभौमिक बैंक में परिवर्तित होने के लिए पात्रता मानदंड यह है कि उसके पास कम से कम पाँच वर्षों का संतोषजनक प्रदर्शन रिकॉर्ड होना चाहिए, स्टॉक एक्सचेंजों में लिस्ट होना चाहिए और उसकी न्यूनतम नेटवर्थ ₹ 1000 करोड़ होनी चाहिए। इसके अलावा, पिछले दो वित्त वर्षों में बैंक का सकल एनपीए अधिकतम 3% और शुद्ध एनपीए अधिकतम 1% होना चाहिए।

## Newspaper of 9 August, 2025

- **हाल ही में भारतीय रेल ने देश की सबसे लंबी ट्रेन चलाने का रिकॉर्ड बनाया है।**

8 अगस्त, 2025 को 4.5 किमी. लंबी मालगाड़ी 'रुद्रास्त्र' ने उत्तरप्रदेश के चंदौली जिले के गंजख्वाजा स्टेशन से झारखंड के गढ़वा रोड स्टेशन तक 200 किमी. दूरी 40

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से 5 घंटे में तय की इसे छह खाली बॉक्सन रेक में जोड़कर तैयार किया गया था, जिसमें 354 वैगन थे। इसे खींचने के लिए 7 इंजन लगाए गए। भारतीय इतिहास की सबसे लंबी यह ट्रेन सोननगर तक डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, उसके बाद सामान्य ट्रेक पर दौड़ी।

## Newspaper of 10 August, 2025

- **देश का पहला अत्याधुनिक बायोचार संयंत्र कर्नाटक के करावली में बनेगा; काजू प्रसंस्करण के बायोडीग्रेबल कचरे से उच्च कार्बन युक्त बायोचार तैयार होगा–**

देश का पहला अत्याधुनिक बायोचार संयंत्र अब कर्नाटक के तटीय जिले उडुपी में स्थापित किया जाएगा। यह परियोजना ना सिर्फ कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देगी बल्कि पर्यावरण के लिए भी लाभकारी होगी। बायोचार के उपयोग से कार्बन को मिट्टी में संगृहीत कर वातावरण में उसके उत्सर्जन को रोका जा सकता है। यह संयंत्र डेनमार्क की माश मैक्स नामक कंपनी, 100 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित कर रही है, जिसमें काजू प्रसंस्करण के बायोडीग्रेडेबल कचरे से उच्च कार्बन युक्त बायोचार तैयार किया जायेगा।

- **9 अगस्त, 2025 को पंजाब के रूपनगर से सीमेंट भरकर एक मालगाड़ी अनंतनाग गुड्स शेड तक पहुँची। यह कश्मीर क्षेत्र को राष्ट्रीय माल ढुलाई नेटवर्क से जोड़ने में बड़ी उपलब्धि है। इससे कश्मीर घाटी में लॉजिस्टिक और आर्थिक विकास के नए युग की शुरुआत हुई है। सीमेंट से लदी मालगाड़ी के अनंतनाग में आगमन से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी आएगी।**
- **भारत देश का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2024-25 में रिकॉर्ड, 1,50,590 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 1.27 लाख करोड़ रुपए का था। इस तरह इस साल इसमें 18% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गौरतलब है कि वर्ष 2019-20 की तुलना में अब तक इसमें 90% से अधिक की बढ़ोतरी हुई है।**
- **9 अगस्त, 2025 को पंजाब में पाक से ड्रोन के जरिये हो रही हथियार व ड्रग्स की तस्करी रोकने के लिए एंटी-ड्रोन सिस्टम लॉन्च हुआ। इसका नाम 'बाज आँख' है। इसके साथ ही यह सीमा पर खुद का एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात करने वाला पहला राज्य बन गया। गौरतलब है कि पंजाब की पाकिस्तान के साथ 553 किमी. लंबी अन्तरराष्ट्रीय सीमा लगती है।**

## Newspaper of 11 August, 2025

- **अब किताबों को देखकर दे सकेंगे 9वीं की परीक्षा; अगले सत्र से लागू होगा ओपन बुक असेसमेंट, सीबीएसई ने मंजूरी दी–**

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9वीं के लिए ओपन बुक असेसमेंट (ओबीए) को मंजूरी दे दी है। स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफएसई) 2023 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य योग्यता–आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना और रटने पर निर्भरता को कम करना है। इसके तहत हर सत्र में तीन पेन–पेपर असेसमेंट होंगे, जिनमें भाषा, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे मुख्य विषय शामिल हैं। खास बात ये है कि इसमें सवालों के जवाब विद्यार्थी किताबों में से देखकर लिख सकेंगे।

**क्या होता है ओपन–बुक असेसमेंट?**

एनसीएफएसई के मुताबिक, ओपन–बुक एग्जाम ऐसी परीक्षा है, जिसमें छात्रों को सवालों का जवाब देने के लिए कोर्स की या अन्य किताबें, खुद के नोट्स और अन्य संसाधनों का इस्तेमाल करने की इजाजत होती है। इसका उद्देश्य यह है कि विद्यार्थी सिर्फ याद रखी चीजों के आधार पर जवाब न लिखें, बल्कि ज्ञान को समझकर अलग–अलग स्थितियों में इस्तेमाल कर सकें। सरल शब्दों में छात्र रटने की आदत से बचें और असली ज्ञान और स्किल को सीखें ताकि वे सोच–समझकर सवालों के जवाब दे सकें।

- **हाल ही में भारत के पहले वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (ब्रॉन्जलेवल) में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के चलते ओडिशा के स्टार धावक अनिमेश कुजुर ने पुरुषों की 200 मीटर रेस में 20.77 सेंकण्ड का समय लेकर गोल्ड मेडल जीता। अन्नू रानी ने 62.01 मीटर भाला फेंककर पहला स्थान हासिल किया। भाला फेंक में भारत के शिवम लोखंडे (80.73 मीटर) ने सिल्वर मेडल जीता।**

**महिला लॉन्ग जंप में भारत की शैली सिंह 6.28 मीटर के साथ पहले स्थान पर रही। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में अबिनया राजराजन ने 11.57 सेकण्ड में गोल्ड जीता। कुल 17 देशों के 150 से ज्यादा एथलीट इस प्रतियोगिता में शामिल हुए, जिनमें 90 से ज्यादा भारतीय खिलाड़ी थे।**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई वंदे भारत ट्रेनों का शुभारंभ किया गया–**

10 अगस्त, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु से तीन नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई और बेंगलुरु मेट्रो से जुड़ी महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

प्रधानमंत्री ने केएसआर रेलवे स्टेशन, बेंगलुरु से निम्नलिखित तीन ट्रेनों का शुभारंभ किया–

- बेंगलुरू से बेलगावी
- अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा
- नागपुर (अजनी) से पुणे

## Newspaper of 12 August, 2025

- **11 अगस्त, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में स्थित बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए बनाए गए 184 टाइप 7 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन किया। हर फ्लैट 5000 वर्गफीट के कारपेट एरिया में बना है। यह परिसर भूकंपरोधी, सुरक्षित और दिव्यांगजनों के अनुकूल है।**

## Newspaper of 13 August, 2025

- **केन्द्रीय कैबिनेट ने देश में पंजाब, ओडिशा, आंध्रप्रदेशों में 4 सेमीकंडक्टर प्लांट के लिए 4,594 करोड मंजूर किए–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने ओडिशा, पंजाब और आंध्रप्रदेश में 4 सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट को 4,594 करोड़ रुपए के निवेश के साथ मंजूरी दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ये परियोजनाएँ ₹76000 करोड़ के भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत स्वीकृत हुई हैं। ओडिशा के भुवनेश्वर में सिकसेम द्वारा ₹2066 करोड़ की लागत से सिलिकॉन कार्बाइड सेमीकंडक्टर प्लांट बनेगा, जिसकी सालाना क्षमता 9.6 करोड चिप्स होगी। अमेरिकी इंटेल समर्थित हेटरोजीनियस इंटीग्रेशन पैकेजिंग सॉल्यूशंस का सेमीकंडक्टर प्लांट ओडिशा में ₹ 1,943 करोड़ की लागत से लगेगा, जिसकी क्षमता 5 करोड यूनिट होगी। आंध्रप्रदेश में एडवांस्ड सिस्टम इन पैकेज टेक्नोलॉजीज ₹ 468 करोड़, रुपए से चिप पैकेजिंग प्लांट बनाएगी, जबकि पंजाब में सीडीआईएल ₹ 117 करोड रुपये निवेश से 15.8 करोड़ यूनिट क्षमता वाला प्लांट लगाएगी।

- लखनऊ मेट्रो के फेज-1बी के लिए 5801 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है। इसमें 11.165 किमी की नई मेट्रो लाइन बिछाई जाएगी।
- अरुणाचल प्रदेश में 700 मेगावॉट तातो-द्वितीय हाइड्रो प्रोडेक्ट के लिए 8,146.21 करोड़ रुपये स्वीकृत किए।

- **केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य स्वास्थ्य नियामक उत्कृष्टता सूचकांक लॉन्च किया–**

12 अगस्त, 2025 को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 'राज्य स्वास्थ्य नियामक उत्कृष्टता सूचकांक-श्रेष्ठ' (SHRESTH) लॉन्च किया है। यह सूचकांक देश भर में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

**'श्रेष्ठ' सूचकांक एक नजर में–**

- यह केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) द्वारा प्रस्तावित एक राष्ट्रीय पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत के सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में औषधि नियामक प्रणालियों को एक समान, पारदर्शी और मजबूत बनाना है।
- यह सूचकांक राज्यों को उनकी नियामक प्रणालियों की मौजूदा स्थिति का मूल्यांकन करने और सुधार के लिए एक रोडमैप प्रदान करता है, न कि उन्हें रैंक देने के लिए।

- **भारत की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन तैयार हुई; हरियाणा के जींद से सोनीपत तक दौड़ेगी; भारत यह खास ट्रेन बनाने वाला दुनिया का पांचवां देश बना–**

भारतीय रेलवे ने हाइड्रोजन से चलने वाली देश की पहली ट्रेन को तैयार कर दिया है। दुनिया में हाइड्रोजन तकनीक से ट्रेनों के संचालन में जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन और चीन के बाद अब भारत पांचवां देश बनने वाला है। रेल मंत्री ने हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन को पर्यावरण-अनुकूल परिवहन की दिशा में भारत का महत्त्वपूर्ण कदम बताया। देश की यह पहली ट्रेन हरियाणा के जींद से सोनीपत मार्ग पर चलेगी।

**हाइड्रोजन की आपूर्ति ऐसे होगी–**हरियाणा में चलने वाली 1200 एचपी क्षमता की ट्रेन के लिए हाइड्रोजन आपूर्ति जींद से की जाएगी। यहाँ रिफ्यूलिंग स्टेशन निरंतर आधार पर काम करेगा और प्रतिदिन लगभग 430 किलोग्राम हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा।

**इस ट्रेन में 2600 यात्री कर सकेंगे सफर–**

- नई ट्रेन दुनिया की सबसे शक्तिशाली और सबसे लंबी हाइड्रोजन संचालित ट्रेन होगी।
- चेन्नई के इंट्रीगल कोच फैक्टरी में तैयार इस ट्रेन में 2600 यात्रियों को ले जाने की क्षमता होगी।
- देश में इस तरह की 35 ट्रेनें चलाने की योजना है। प्रत्येक ट्रेन की अनुमानित लागत 80 करोड़ रुपए हैं।

- **शुभमन गिल ने चौथी बार प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीता–**

4 बार यह अवॉर्ड जीतने वाले पहले पुरुष क्रिकेटर बने–

भारतीय टेस्ट टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैण्ड के बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर को पीछे छोड़कर जुलाई महीने का आइसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीत लिया है। इसके साथ ही गिल चार बार

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

आइसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतने वाले दुनिया के पहले पुरुष क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने जनवरी 2023, सितंबर 2023 और फरवरी 2025 में भी अपने शानदार प्रदर्शन के चलते यह अवॉर्ड अपने नाम किया था। महिलाओं में वेस्टइंडीज की हैली मैथ्यूज और ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर चार बार प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीत चुकी हैं।

## Newspaper of 18 August, 2025

- **21 अगस्त, 2025 को केरल को देश का पहला पूर्ण डिजिटल साक्षर राज्य घोषित किया गया। इसकी शुरुआत 2021 में पुल्लमपारा पंचायत से हुई। इसकी सफलता को देख राज्य में 21.87 लाख डिजिटल अशिक्षितों की पहचान की गई। इन्हें 2 लाख से अधिक वॉलंटियर्स ने घर-घर जाकर मोबाइल ऐप खोलना, ऑनलाइन फॉर्म भरना, राशनकार्ड, पेंशन, बैंकिंग सिखाया। अब राज्य में 99.98% डिजिटल साक्षरता की दर हासिल कर ली है। 15000 से ज्यादा 90+ वाले भी डिजिटल साक्षर बने।**

- **स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब तक (2014-2025) 1030 मिनट भाषण दिए, हर मुद्दे को छुआ–**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से दिए गए भाषण के मामले मे मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में अवधि और विविधता के लिहाज से काफी आगे निकल गए। 2014 के बाद से उन्होंने लगातार 12 संबोधन में विकास का भावी रोडमैप रखा। उन्होंने सभी मुद्दों को छुआ। हालांकि पहले के प्रधानमंत्रियों ने चुनौतियों का जिक्र जरूर किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सामने भविष्य का रोडमैप पेश किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पूर्ववर्ती जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की तुलना में जनता से जुड़े मुद्दों पर जोर दिया। नेहरू के दौर में गरीबी और विदेशी नीति पर जोर दिया तथा इंदिरा गांधी ने भ्रष्टाचार पर कड़ा रुख जाहिर किया।

79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 103 मिनट का सम्बोधन दिया।

- **रूस का 'वेनेरा-डी' मिशन शुक्र ग्रह के लिए–**

17 अगस्त, 2025 को रूस ने शुक्र ग्रह पर एक बार फिर से अन्वेषण के लिए 'वेनेरा-डी-मिशन' को तैयार करने की घोषणा की है। यह सोवियत संघ के ऐतिहासिक वेनेरा कार्यक्रम की अगली कड़ी होगी। इस महत्त्वाकांक्षी मिशन में एक लैंडर, एक बैलून प्रोब (वायुमंडलीय जाँच के लिए) और एक कक्षीय अंतरिक्ष यान (ऑर्बिटर) शामिल होगा, जो शुक्र का व्यापक अध्ययन करेंगे।

## Newspaper of 19 August, 2025

- **जन विश्वास विधेयक : जीवन आसान बनाने को 355 प्रावधान होंगे अपराधमुक्त–छोटे-मोटे अपराध पर नहीं होगी जेल, जुर्माने से मिलेगा सुधरने का मौका–**

18 अगस्त, 2025 को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में जनविश्वास (संशोधन प्रावधान) विधेयक, 2025 पेश किया। यह विधेयक व्यापार को सुगम बनाने के लिए विश्वास आधारित शासन को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

**खास बातें–**

- 355 प्रावधानों में संशोधन
- 288 प्रावधानों को अपराधमुक्त कर कारोबार में आसानी
- 67 प्रावधानों से जीवन होगा सुगम
- 76 मामलों में पहली बार गलती करने वालों को केवल चेतावनी या सलाह।
- छोटे-मोटे उल्लंघनों के लिए कैद नहीं, सिर्फ जुर्माना या चेतावनी।

**पहले होती थी जेल, अब जुर्माना प्रस्तावित–**

| अपराधिक कृत्य | जुर्माना (रुपए में) |
|---|---|
| ◆ खतरनाक बीमारी की सूचना देने में विफलता | 100 |
| ◆ रास्ते में जीव-जंतुओं को बांधना | 1000 |
| ◆ खंडहर ढाँचे को हटाने के आदेश की अवहेलना | 500 |
| ◆ 24 घंटे से अधिक समय तक कचरा रखना | 100 |
| ◆ नए भवन निर्माण की सूचना न देना | 100 |
| ◆ तय समय के बाद अंतिम संस्कार | 100 |
| ◆ श्वान को बिना जंजीर सड़क पर छोड़ना | 1000 |
| ◆ नालियाँ अवरुद्ध करना | 50 |

**इन केन्द्रीय कानूनों के आपराधिक प्रावधान होंगे खत्म–**

- नई दिल्ली नगरपालिका परिषद अधिनियम, 1994
- मोटर वाहन अधिनियम, 1988
- चाय अधिनियम, 1953
- विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009
- औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940

- **18 अगस्त, 2025 को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने दिल्ली के पूर्व प्रांत संघचालक रहे रमेश प्रकाश के जीवन पर प्रकाशित 'तन समर्पित-मन समर्पित' पुस्तक का लोकार्पण किया–**

भागवत ने कहा कि 1942 में अंग्रेज सरकार ने संघ की गतिविधियों का गुप्त सर्वे करवाया-कितने स्वयंसेवक हैं? पूर्ण गणवेश में कितने है? ओटीसी ट्रेंड कितने है? कितने रोज आते है? कितने कार्यक्रम में आते हैं? प्रत्येक रिपोर्ट में

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

कलक्टर का कमेंट था कि ये अंग्रेज राज के लिए बड़ी बाधा साबित हो सकते हैं।

- **एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के तहत देशभर में पौधारोपण करने में उत्तरप्रदेश पहले व राजस्थान दूसरे स्थान पर रहा है। 4 जून से 18 अगस्त तक की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश ने 37.51 करोड़ और राजस्थान ने 8 करोड़ से अधिक पौधे लगाए। गुजरात ने 6.05 करोड़ पौधे लगाकर तीसरा स्थान हासिल किया।**

इस अभियान की शुरुआत पीएम मोदी ने 05 जून, 2024 से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर की थी।

- **प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का पोर्टल लॉन्च–**

सरकार ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएमवीबीआरवाई) का पोर्टल लॉन्च कर दिया है। 18 अगस्त, 2025 को केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योजना का मकसद नई नौकरियों को बढ़ावा देना है। पहली बार नौकरी करने वालों और नियोक्ताओं दोनों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। योजना का कुल बजट करीब 1 लाख करोड़ रुपए है। योजना 1 अगस्त, 2025 से 31 जुलाई, 2027 तक लागू रहेगी। इसका लक्ष्य दो साल में 3.5 करोड़ नई नौकरियाँ पैदा करना है। योजना के तहत लाभ पाने के लिए नियोक्ता और कर्मचारी दोनों पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं या फिर उमंग एप पर अपना यूएएन नंबर अपलोड कर सकते हैं। योजना के दो हिस्से हैं–पार्ट ए और पार्ट बी। पार्ट ए पहली बार नौकरी करने वालों के लिए है। इसके तहत उन्हें एक बार में औसतन एक महीने की बेसिक+डीए सैलरी (अधिकतम 15000 रुपए) दो किस्तों में दी जाएगी। युवाओं को नौकरी देने वाली कंपनियों को भी प्रति कर्मचारी 3000 रुपए प्रतिमाह को प्रोत्साहन मिलेगा।

**नियोक्ता का लाभ?**

- नए कर्मचारियों की भर्ती पर प्रति कर्मचारी 3000 रुपए प्रतिमाह तक का लाभ, अधिकतम 2 वर्ष तक।
- मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के लिए यह लाभ 4 वर्ष तक बढ़ जाएगा।
- 50 से कम कर्मियों वाली कंपनियों को कम से कम 2 नए लोग रखने होंगे।
- 50 या उससे ज्यादा कर्मचारियों वाली कंपनियों को कम से कम से कम 5 नए लोग नियुक्त करने होंगे।
- नियोक्ता अब प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पोर्टल पर जाकर पंजीकरण का काम पूरा कर सकते हैं।

**लाभ लेने के लिए पात्रता–**

- 15 अगस्त के बाद ईपीएफओ रजिस्टर्ड संस्थान में नौकरी।
- मासिक वेतन एक लाख रुपए प्रतिमाह तक ही होना चाहिए।

**क्या मिलेगा–**

- निजी क्षेत्र में पहली नौकरी मिलने पर 15000 रुपए का सीधा लाभ।
- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पहली बार रजिस्टर होने के बाद ही युवाओं को दो किस्तों में राशि दी जाएगी।
- पहली किस्त लगातार 6 माह काम करने के बाद मिलेगी।
- दूसरी किस्त 12 माह पूरे होने पर मिलेगी।

- **पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'श्रमश्री' योजना लॉन्च की; प्रवासी मजदूरों को राज्य में लौटने पर ₹ 5000 प्रतिमाह मिलेगा–**

19 अगस्त, 2025 को तृणमूल कांग्रेस चीफ और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'श्रमश्री योजना' लॉन्च की। उन्होंने कहा कि देशभर में काम कर रहे जो मजदूर बंगाल लौटना चाहते हैं, उन्हें राज्य सरकार आर्थिक मदद देगी।

यह आर्थिक मदद 5 हजार रुपये की होगी, जो 12 महीने तक या फिर जब तक उन्हें रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक दी जाएगी। इसके अलावा, लौटने पर उन्हें एक बार के लिए 5 हजार रुपए यात्रा भत्ता भी मिलेगा। ममता ने कहा कि मजदूरों को 'खाद्य साथी' और 'स्वास्थ्य साथी' कार्ड भी दिए जाएंगे। अगर उनके पास घर नहीं है तो उन्हें सामुदायिक केन्द्रों में आश्रय मिलेगा। उनके बच्चों को स्थानीय स्कूलों में दाखिला दिलाकर पढ़ाई जारी रखने में मदद की जाएगी। योजना के लिए जल्द एक पोर्टल शुरू होगा।

## Newspaper of 21 August, 2025

- **हाल ही में उत्तरप्रदेश सरकार ने शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी किया है। इस संबंध में गृह मंत्रालय ने आदेश जारी किए है। यह स्थान भगवान परशुराम की जन्मस्थली मानी जाती है।**

- **एनसीईआरटी की पहल–स्कूलों में पढ़ाया जाएगा साहस का पाठ, 'ऑपरेशन सिंदूर' पर मॉड्यूल लॉन्च–**

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) ने कक्षा 3 से 12 तक के छात्रों के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दो विशेष मॉड्यूल लॉन्च किए हैं।

इनका उद्देश्य बच्चों को साहस, रणनीति और राष्ट्रीय गौरव के पाठों से सीधे जोड़ना है। ये मॉड्यूल 'ऑपरेशन सिंदूर' को सिर्फ शौर्य गाथा ही नहीं बल्कि, शांति की रक्षा और पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के सम्मान का प्रतीक बताते हैं। ये मॉड्यूल पुलवामा (2019) हमले और

बालाकोट एयरस्ट्राइक जैसी घटनाओं से भी अवगत कराते हैं। साथ ही इसमें अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में हुए बदलावों-शांति, विकास, शिक्षा और पर्यटन का भी जिक्र है।

- **भारतीय रेलवे ने वाराणसी के बनारस लोकोमेटिव वर्क्स में पहली बार पटरियों के बीच रिमूवेबल सोलर पैनल सिस्टम लगाया है। 70 मीटर ट्रैक पर कुल 28 सोलर पैनल स्थापित किए गए हैं। इसकी क्षमता 15 किलोवाट है।**
- **प्रेस रजिस्ट्रार जनरल ने 'प्रेस सेवा' पोर्टल लॉन्च किया। इस डिजिटल सिंगल-विंडो प्लेटफॉर्म से अखबार-पत्रिका का पंजीकरण आसान होगा। इससे मीडिया क्षेत्र में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बढ़ेगा।**
- **केन्द्रीय कैबिनेट ने 'ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025' मंजूर किया। इससे ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा मिलेगा। बिल में ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी गेमिंग पर सजा का प्रावधान है।**
- **लोकसभा ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक पारित किया। इसके तहत असम के गुवाहाटी में IIM स्थापित होगा। इस विधेयक से IIM गुवाहाटी को राष्ट्रीय प्रबंध संस्थानों की सूची में शामिल किया गया।**
- **दुबई ने 'वन फ्रीजोन पासपोर्ट' लॉन्च किया। इससे कंपनियाँ सभी फ्रीजोन में एक ही लाइसेंस से काम कर सकेंगी। साथ ही खर्च घटेगा। यह दुबई के D33 आर्थिक एजेंडा को आगे बढ़ाता है।**
- **संसद ने 'खनिज एवं खनन संशोधन विधेयक, 2025' पास किया। यह 1957 के एमएमडीआर एक्ट में बदलाव कर महत्त्वपूर्ण खनिज उत्पादन बढ़ाने और आधुनिक खनन तकनीक अपनाने का प्रावधान करता है।**
- **क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ICRA के अनुसार 2026 की पहली तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था 6.7% बढ़ेगी, जो RBI के 6.5% अनुमान से ज्यादा है। यह 2025 की चौथी तिमाही में दर्ज 74% से कम है।**
- **स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत अप्रैल, 2016 से अब तक बैंकों ने 275291 लाभार्थियों को लोन दिए हैं। इनमें एससी, एसटी और महिला उद्यमी भी हैं। अगस्त तक 62791 करोड़ रुपये के लोन स्वीकृत हुए।**
- **नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट मार्केट तेजी से बढ़ेगा। 2025 में यह 73 अरब डॉलर था, जो 2030 तक 258 अरब डॉलर तक पहुँच सकता है।**
- **कर्नाटक ने बेंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर 'डॉ. मनमोहन सिंह बेंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी' कर दिया। यह बदलाव 2025 के संशोधन अधिनियम के तहत हुआ है।**
- **भारत ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से अपनी पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया–**

20 अगस्त, 2025 को भारत ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से अपनी पहली इंटर-कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम) अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया।

5000 किमी रेंज वाली यह मिसाइल मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री वीकल (एमआइआरवी) तकनीक से लैस है, जो एक साथ कई लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। इसका पहला परीक्षण 2012 में हुआ था। इसके बाद इसे अपडेट किया गया।

अग्नि-5 एकमात्र इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे डीआरडीओ ने बनाया है। अग्नि के पहले वर्जन की मारक क्षमता 700 किमी थी। अब भारत के पास 2 हजार किमी की अग्नि-2, 3500 किमी दूरी की अग्नि-3 और 4 हजार किमी मारक क्षमता की अग्नि-4 मिसाइलें मौजूद हैं। भारत के अलावा अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन, इजरायल और उत्तर कोरिया के पास भी आइसीबीएम क्षमता की मिसाइलें हैं।

**खासियत–**

- पूरी तरह स्वदेशी तकनीक
- लॉन्च होने के बाद कोई देश इसके नेविगेशन में दखल नहीं दे सकता।
- गति: आवाज से 24 गुना तेज
- वजन : 50 टन
- लंबाई : 17 मीटर, व्यास 2 मीटर
- पेलोड : 1500 किलो न्यूक्लियर वॉरहेड

**Newspaper of 22 August, 2025**

- **17वें उपराष्ट्रपति चुनाव में सीपी राधाकृष्णन भाजपा से तथा बी. सुदर्शन रेड्डी कांग्रेस के प्रत्याशी–**
  - हाल ही में 17वें उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए वर्तमान में महाराष्ट्र के गवर्नर सीपी राधाकृष्णन को देश में सत्तारूढ़ एनडीए का प्रत्याशी बनाया गया है। दूसरी तरफ विपक्षी दलों के 'आई. एन. डी. आई.ए.' गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट से रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- दोनों प्रत्याशियों ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव हेतु अपना नामांकन 21 अगस्त, 2025 को दाखिल किया। केन्द्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा उपराष्ट्रपति के चुनाव की अधिसूचना 7 अगस्त, 2025 को जारी की गई।
- उपराष्ट्रपति के लिए मतदान एवं मतगणना 9 सितम्बर, 2025 [मतदान नई दिल्ली स्थित संसद भवन के प्रथम तल पर कमरा संख्या एफ-101 (वसुधा) में] को होगी।

■ **हाल ही में डाक विभाग ने देश भर में अपनी सेवाओं को आधुनिक तेज और अधिक विश्वसनीय बनाने के लिए 'आईटी 2.0' एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी (APT) नामक एक उन्नत प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। यह पहल नागरिक केन्द्रित डाक और वित्तीय सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए की गई है।**

■ **नासा-आइबीएम ने बनाया 'सूर्या' एआइ मॉडल, सौर तूफानों का पूर्वानुमान देगा–**

नासा ने आइबीएम के साथ मिलकर एआइ आधारित 'सूर्या हेलियोफिजिक्स फंडामेंटल मॉडल' तैयार किया है, जो सौर विस्फोटों या तूफानों की हलचल को पहले ही पहचानकर धरती ही तकनीकी सुरक्षा का कवच बनेगा। यह मॉडल 9 साल के आंकड़ों और नासा की सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी से हर 15 सेकण्ड में आने वाली करोड़ों हाई-रेजॉल्यूशन तस्वीरों पर प्रशिक्षित है।

सूरज की चुंबकीय तरंगों को पढ़ने की इसकी क्षमता पारंपरिक मॉडलों से 16% ज्यादा सटीक है। यह दो घंटे पहले तक दृश्य चेतावनी देने में सक्षम है। इसे ओपन-सोर्स रखा गया है ताकि पूरी दुनिया के शोधकर्ता स्पेस वेदर डिफेंस को और मजबूत कर सकें।

**क्यों खास है 'सूर्या'**

- पहले से चेतावनी मिलने पर उपग्रहों को 'सेफ मोड' में डाला जा सकेगा।
- पावर ग्रिड मैनेज कर ब्लैकआउट टाला जा सकेगा।
- जीपीएस और उड़ानों को सुरक्षित मार्ग पर मोड़ा जा सकेगा।
- सेना का संचार, इंटरनेट, बैंकिंग और एयरलाइंस बिना बाधा चलते रहेंगे।
- चाँद और मंगल यात्रियों को विकिरण से सुरक्षा मिलेगी।

■ **भारत एआईबीडी कार्यकारी बोर्ड का अध्यक्ष बना–**

हाल ही में भारत ने 'एशिया-पैसिफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट' (AIBD) के कार्यकारी बोर्ड का अध्यक्ष निर्वाचित होकर एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भारत को उक्त निकाय के कार्यकारी बोर्ड का अध्यक्ष थाईलैंड के फुकेत में 19-21 अगस्त, 2025 को आयोजित 'एआईबीडी' की 23वीं जनरल कॉन्फ्रेंस के दौरान चुना गया।

## Newspaper of 23 August, 2025

■ **इसरो ने भारत के अंतरिक्ष स्टेशन का मॉडल जारी किया–**

22 अगस्त, 2025 को भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का मॉडल पेश किया। इस पर करीब 20 हजार करोड़ की लागत आएगी। इसके पहले मॉड्यूल बीएएस-01 को 2028 में लॉन्च किया जाएगा और 2035 तक पाँच अन्य मॉड्यूल भेजकर स्टेशन को अंतरिक्ष में ही असेंबल किया जाएगा। यह धरती से 450 किमी की ऊँचाई पर परिक्रमा करेगा। अभी दो अंतरिक्ष स्टेशन सक्रिय हैं। एक आइएएस और दूसरा चीन का तियांगोंग स्पेस स्टेशन।

**थीम–**आर्यभट्ट से गगनयान प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाएँ

**इसरो की उपलब्धि–**इसरो ने 548 उपग्रह लॉन्च किए हैं। इनमें 34 देशों के 431 उपग्रह।

■ **22 अगस्त, 2025 को केन्द्र सरकार ने हाल ही में संसद से पारित नए आयकर कानून को गजट में अधिसूचित कर दिया। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने 21 अगस्त, 2025 को संसद से पारित विधेयक को मंजूरी दे दी थी। नया कानून 64 साल पुराने कानून का स्थान लेगा। नया कानून 1 अप्रैल, 2026 से लागू होगा। आयकर विभाग के अनुसार नया आयकर कानून एक ऐतिहासिक सुधार है, जिसमें एक सरल, पारदर्शी और कंप्लायंस फ्रेंडली डायरेक्ट टैक्स व्यवस्था की शुरुआत होगी।**

## Newspaper of 24 August, 2025

■ **संसद मानसून सत्र 2025 : प्रमुख पारित विधेयक–**

हाल ही में संपन्न हुए संसद के मानसून सत्र में कई महत्त्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए। इनमें ऑनलाइन गेमिंग से लेकर बंदरगाह और खनन क्षेत्र में सुधार लाने वाले कानून शामिल हैं।

- **ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025–**इस विधेयक के तहत ऑनलाइन मनी गेम्स (पैसे वाले खेल) पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। कानून का उल्लंघन करने पर 3 साल तक की कैद और ₹ 1 करोड़ तक का जुर्माना हो सकता है। सरकार ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढ़ावा देगी। इसे राष्ट्रपति की मंजूरी 22 अगस्त, 2025 को मिली।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2025**—यह विधेयक 1908 के पुराने भारतीय बंदरगाह अधिनियम की जगह लेगा। इसके तहत केन्द्र और राज्यों में समन्वय के लिए 'समुद्री राज्य विकास परिषद्' (MSDC) का गठन किया जाएगा। राज्यों को 'राज्य समुद्री बोर्ड' स्थापित करने का अधिकार मिलेगा ताकि बंदरगाहों में एक समान शासन हो। विवादों के शीघ्र समाधान के लिए 'विवाद समाधान समितियों' का गठन किया जाएगा।
- **समुद्री माल परिवहन विधेयक, 2025**—यह 1925 के 'भारतीय समुद्र द्वारा माल परिवहन अधिनियम' का स्थान लेगा। इसका उद्देश्य भार के समुद्री नौवहन नियमों को आधुनिक बनाना और माल परिवहन में देनदारियों तथा अधिकारों को स्पष्ट रूप से स्थापित करना है।
- **मर्चेंट शिपिंग बिल, 2024**—यह 1958 के मर्चेंट शिपिंग अधिनियम की जगह लेगा। यह बिल केन्द्र सरकार को भारत के तटीय जलक्षेत्र में बिना राष्ट्रीयता वाले जहाजों को अपने नियंत्रण में लेने और रोकने का अधिकार देता है।
- **खान व खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2025**—यह 1957 के मूल खान और खनिज अधिनियम में संशोधन करता है। इसके तहत पट्टेधारक अब अपने मौजूदा पट्टे में लिथियम ग्रेफाइट, सोना और चाँदी जैसे अन्य खनिजों को भी शामिल करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- **नया आयकर विधेयक संसद द्वारा पारित**—12 अगस्त, 2025 को भारतीय संसद ने 'आयकर (नंबर 2) विधेयक, 2025' को पारित कर देश की कर प्रणाली में एक ऐतिहासिक सुधार का मार्ग प्रशस्त किया है। इस विधेयक को 21 अगस्त, 2025 को राष्ट्रपति से मंजूरी मिल गई और यह नया कानून 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगा। नया आयकर विधेयक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को प्रतिस्थापित करेगा।
- **130वाँ संविधान संशोधन विधेयक**—20 अगस्त, 2025 को संसद (लोकसभा) में गृहमंत्री अमित शाह ने 130वाँ संविधान संशोधन विधेयक, 2025 पेश किया। वह विधेयक प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों को गंभीर अपराध के आरोपों में 30 दिनों तक हिरासत में रहने पर पद से हटाने की संवैधानिक व्यवस्था से लाने का प्रस्ताव करता है। इसे एक संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया जाता है।

## Newspaper of 25 August, 2025

### ■ भारत ने स्वदेशी इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वैपन सिस्टम (IADWS) की पहली उड़ान का सफल परीक्षण किया—

23 अगस्त, 2025 को भारत ने मिशन सुदर्शन चक्र के तहत बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाते हुए स्वदेशी इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वैपन सिस्टम (आइएडीडब्ल्यूएस) की पहली उड़ान का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओर से किए गए परीक्षण के दौरान आइएडीडब्लूएस ने दो हाई स्पीड फिक्स विंग अनमैन्ड ड्रोन, मल्टीकॉप्टर ड्रोन समेत तीन अलग-अलग लक्ष्यों को मार गिराया। यह सभी लक्ष्य अलग-अलग दूरी और ऊँचाइयों पर थे। डीआरडीओ के मुताबिक यह पूरा सिस्टम स्वदेशी तकनीक पर आधारित है।

**ऐसी है बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली—**

- **एयर डिफेंस वेपन सिस्टम**—ये क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल सिस्टम ड्रोन, हेली व क्रूज मिसाइल को 30 किमी की रेंज में मार गिराएगा। इनकी गति 4.7 मैक यानी 5757.70 किमी प्रति घंटा होती है।
- **वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम**—इसकी रेंज 6-7 किलोमीटर है। लो फ्लाइंग ऑबजेक्ट्स के खिलाफ कारगर है। यह प्रणाली पोर्टेबल और रूस के एस-400 रक्षा प्रणाली से मिलती-जुलती है। इसकी गति 1800 किलोमीटर प्रतिघंटा है।
- **डायरेक्ट एनर्जी वेपन**—यह एक लेजर गन है। यह ड्रोन के झुंड के खिलाफ बेहतर कारगर प्रणाली है।

### ■ इसरो ने गगनयान मिशन का पहला इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया—

24 अगस्त, 2025 को इसरो ने एयर ड्रॉप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। यह महत्त्वाकांक्षी गगनयान मिशन की तैयारी में मील का पत्थर साबित हुआ है। इसरो के मुताबिक इसका परीक्षण आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा में वायु सेना, डीआरडीओ, नौसेना और तटरक्षक बल के सहयोग से किया गया। इसमें पैराशूट आधारित डिक्लेरेशन सिस्टम की जाँच की गई, ताकि अंतरिक्ष से लौटते समय अंतरिक्ष यात्रियों की लैंडिंग सुरक्षित हो सके।

**क्या है गगनयान मिशन**—पृथ्वी की 400 किमी पर स्थित निचली कक्षा में 3 अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा। इसके बाद पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी कराई जाएगी। इसका उद्देश्य यह बताना है कि भारत मानव को अंतरिक्ष में भेज सकता है और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस ला सकता है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **हाल ही में प्रसिद्ध क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। 103 टेस्ट व 5 वनडे खेलने वाले चेतेश्वर पुजारा ने आखरी टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 07 जून, 2023 को खेला। चेतेश्वर पुजारा ने अपने टेस्ट करियर का आगाज 9 अक्टूबर, 2010 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया गया था।**

- **ब्रिजटाउन में 5 से 12 अक्टूबर तक राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन होगा; लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे।–**

5 से 12 अक्टूबर तक ब्रिजटाउन बारबाडोस में आयोजित होने वाले 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन (सीपीसी) में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। इसको लेकर लोकसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में विभिन्न मंत्रालयों की ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत के विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों को सम्मेलन के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के अलावा भारत के राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी और सचिव सीपीए भारत क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। बिरला राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की आम सभा को 'राष्ट्रमंडल : ग्लोबल पार्टनर' विषय पर संबोधित करेंगे।

- **वैश्विक भुखमरी से निपटने के लिए भारत और विश्व खाद्य कार्यक्रम ने समझौता किया–**

25 अगस्त, 2025 को दुनियाभर में बढ़ती भुखमरी और खाद्य सुरक्षा से निपटने के लिए भारत सरकार और संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत भारत 'डब्ल्यूएफपी' को फोर्टिफाइड चावल (पोषक तत्वों से युक्त चावल) उपलब्ध कराएगा। इस 'फोर्टिफाइड चावल' को उन देशों में भेजा जाएगा जहाँ लोग भुखमरी और कुपोषण से जूझ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि फरवरी 2025 में रोम में सम्पन्न बैठक में भारत और डब्ल्यूएफपी के बीच यह सुनिश्चित हुआ था कि भारत उन देशों के लिए खाद्य उपलब्ध कराएगा, जिन देशों में भुखमरी की समस्या है।

## Newspaper of 27 August, 2025

- **दो स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस उदयगिरी और हिमगिरी भारतीय नौसेना में शामिल हुए; राडार भी बेअसर; ब्रह्मोस, बराक-8 से लैस–**

26 अगस्त, 2025 को भारतीय नौसेना के बेड़े में दो नए युद्धपोत शामिल हो गए। विशाखापत्तनम के नौसेना बेस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मल्टी मिशन स्टील्थ फ्रिगेट 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' का जलावतरण किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि ये युद्धपोत न केवल नौसेना की ताकत बढ़ाते हैं, बल्कि यह संदेश भी देते हैं कि भारत अपनी समुद्री सीमाओं की रक्षा के लिए पूरी तरह सक्षम है और किसी भी स्थिति में तुरंत जवाब देने को तैयार है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन्हें इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड और ध्वनि सेंसर से बचे रहेंगे। इनकी तैनाती भारत-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में होगी, जिससे नौसेना की ताकत बढ़ेगी। दोनों युद्धपोत ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल और भारत-इजरायल द्वारा मिलकर बनाई 'बराक-8' जो कि लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली (एलआरएसएम) से लैस हैं। आईएनएस हिमगिरी को कोलकाता के गार्डन रीच शिप बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने बनाया है। वहीं आईएनएस उदयगिरि को मुंबई के मझगांव डॉक शिप बिल्डर्स लिमिटेड ने बनाया है।

## Newspaper of 28 August, 2025

- **27 अगस्त, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में कैबिनेट ने भारत की 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की दावेदारी को मंजूरी दे दी। भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) के सहमति जताने के कुछ दिन बाद ही यह घोषणा की गई है। इससे पहले वर्ष 2010 में नई दिल्ली में इन खेलों का आयोजन हुआ था।**

- **हाल ही में एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स ने स्टारशिप का 10वाँ टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया। टेक्सास से उड़े इस शक्तिशाली रॉकेट ने 60 मिनट के बाद ऑस्ट्रेलिया के पश्चिम में हिंद महासागर में लैंडिंग व स्प्लैशडाउन किया। इसने 8 डमी सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़े। यह भविष्य के मून-मार्स मिशन में महत्त्वपूर्ण कदम है।**

- **जस्टिस आलोक अराधे और जस्टिस विपुल पंचोली सुप्रीम कोर्ट के जज नियुक्त किए गए।**

बॉम्बे हाईकोर्ट के जस्टिस आलोक अराधे और पटना हाईकोर्ट के जस्टिस विपुल पंचोली सुप्रीम कोर्ट के जज नियुक्त किए गए हैं। 27 अगस्त, 2025 को केन्द्र सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

दोनों जजों के शपथ ग्रहण के बाद सुप्रीम कोर्ट जजों की पूरी क्षमता 34 जजों के साथ काम करेगा। केन्द्र सरकार ने सुप्रीम

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश के 48 घंटों के भीतर नियुक्ति पत्र जारी कर दिया। हालांकि कॉलेजियम ने 4 : 1 के बहुमत से ये प्रस्ताव पारित किया गया था। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने असहमति जताई थी। उन्होंने कहा कि पहले ही सुप्रीम कोर्ट में गुजरात के दो जज हैं, तीसरा जज लाने से क्षेत्रीय संतुलन भी बिगड़ेगा।

## Newspaper of 29 August, 2025

- **हरियाणा सरकार ने महिलाओं के लिए 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' शुरू की है। यह योजना 25 सितम्बर, 2025 से लागू होगी। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महिने ₹ 2100 की आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह फैसला भाजपा के चुनावी वादे को पूरा करने के तहत लिया गया है। पहला चरण 25 सितम्बर से शुरू होगा, उस दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती है। गौरतलब है कि इस योजना में उन परिवारों की महिलाएँ शामिल की जाएंगी जिनकी सालाना आय एक लाख रुपये से कम है।**
- **जयपुर के जमवारामगढ़ में क्लाउड सीडिंग परीक्षण–**

12 अगस्त, 2025 से जयपुर के जमवारामगढ़ बाँध क्षेत्र में जल संकट को कम करने और रामगढ़ झील को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से ड्रोन द्वारा कृत्रिम बारिश (क्लाउड सीडिंग) करवाने का परीक्षण किया जा रहा है। ड्रोन आधारित क्लाउड सीडिंग का यह भारत में पहला परीक्षण है।

## Newspaper of 30 August, 2025

- **हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को आईएमएफ में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। वे इस पद पर तीन साल तक काम करेंगे। वे के.वी. सुब्रमण्यम की जगह लेंगे। गौरतलब है कि सुब्रमण्यन की सेवाएँ सरकार ने उनका कार्यकाल पूरे होने से 6 महिने पहले समाप्त कर दी थीं।**

## Newspaper of 31 August, 2025

- **CISF द्वारा पहली महिला कमांडो यूनिट का गठन हुआ–**

हाल ही में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) ने अपनी पहली 'ऑल वूमेन कमांडो यूनिट' का गठन किया है। इस विशेष यूनिट में 100 महिला कमांडों शामिल होंगी, जिन्हें आतंकवादी हमलों और अन्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

इस यूनिट के 30 महिला कमांडो के पहले बैच को मध्यप्रदेश के बरवाहा स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र में 11 अगस्त से 4 अक्टूबर, 2025 तक आठ सप्ताह की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रशिक्षण के बाद इन दस्तों को देश के हवाई अड्डों और अन्य संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर तैनात किया जाएगा।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


# संजीव®

**50 वर्षों** से आपका विश्वसनीय

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार श्रेष्ठ पुस्तकें

### ( 41 जिलों एवं 7 संभागों पर आधारित नवीनतम संस्करण )




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




संजीव प्रकाशन — Join Our App

संजीव प्रकाशन — Join Our Telegram

**संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।**

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com